This Question Paper Booklet contains **44** printed pages.

इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका के अन्तर्गत **44** मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No.**
**कोड नं०** **53/HIS/1**

**Set/सेट** **A**

# ACCOUNTANCY
# लेखांकन

**( Principles and Practice of Financial Accounting )**
**( वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार )**

**(320)**

Day and Date of Examination ..........................................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper Booklet.
2. Please check the Question Paper Booklet to verify that the total pages of the booklet and the total pages printed on the top of the first page tallies each other. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the answer-book or writing roll number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Booklet Code No. 53/HIS/1, Set A on the answer-book.
5. (a) The Question Paper Booklet is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the answer-book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया जाँच कर लें कि प्रश्न-पत्र पुस्तिका की कुल पृष्ठ संख्या तथा प्रथम पृष्ठ के ऊपरी भाग पर छपे कुल पृष्ठ संख्या दोनों समान हैं। इस बात की भी जाँच कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र पुस्तिका की कोड संख्या 53/HIS/1, सेट A लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र पुस्तिका केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

## Important Instructions

1. This Question Paper Booklet contains two Question Papers—one based on revised study material marked as **NEW SYLLABUS** and the other based on pre-revised study material marked as **OLD SYLLABUS**.

2. **NEW SYLLABUS** *is compulsory for those who have registered for 2015–16 (Block–I and Block–II) admission and Stream–II of 2016 admission. (Those who are appearing in September–November, 2016 under* **NEW SYLLABUS***.)*

3. **OLD SYLLABUS** is compulsory for those candidates who had registered before 2015–16 (Block–I) admission.

4. Candidates are to answer only one Question Paper from the given two Question Papers.

5. Candidates are not allowed to mix questions from the two given Question Papers.

## महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका में दो प्रश्न-पत्र हैं—एक संशोधित अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **नया पाठ्यक्रम** अंकित है तथा दूसरा संशोधन से पूर्व अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **पुराना पाठ्यक्रम** अंकित है।

2. **नया पाठ्यक्रम** *उन परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है जिनका नामांकन 2015–16 (ब्लॉक–I और ब्लॉक–II) तथा शाखा–II, 2016 में हुआ है। (उनके लिए जो सितम्बर–नवम्बर, 2016 में* **नए पाठ्यक्रम** *के अंतर्गत परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।)*

3. **पुराना पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है जिनका नामांकन 2015–16 (ब्लॉक–I) के पहले हुआ है।

4. परीक्षार्थी दिए गए दो प्रश्न-पत्रों में से केवल एक प्रश्न-पत्र से ही उत्तर लिखें।

5. परीक्षार्थी को दो प्रश्न-पत्रों के प्रश्नों को मिलाकर उत्तर देने की अनुमति नहीं है।

**NEW**

This Question Paper contains **27** questions.

इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत **27** प्रश्न हैं।

# ACCOUNTANCY

## लेखांकन

**( Principles and Practice of Financial Accounting )**

**( वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार )**

## (320)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper has *two* Sections—Section 'A' and Section 'B'.

(ii) Attempt *all* questions of Section 'A'. Section 'B' has *two* options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

(iii) Each question from Question Nos. **1** to **9** has four alternatives—(A), (B), (C) and (D), out of which one is most appropriate. Choose the correct answer among the four alternatives and write it in your answer-book against the number of the question. No extra time is allotted for attempting multiple-choice questions.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है। खण्ड 'ब' में **दो** विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iii) प्रश्न संख्या **1** से **9** तक के प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प—(क), (ख), (ग) तथा (घ) हैं, जिनमें से एक उपयुक्त है। चारों विकल्पों में से सही उत्तर चुनें तथा अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न संख्या के सामने उत्तर लिखें। बहु-विकल्पी प्रश्नों के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

### SECTION–A

### खण्ड–अ

**1.** Capital reserve is created

(A) to write off capital losses

(B) to meet future contingencies

(C) for a specific purpose

(D) for the future redemption of the long-term debts 1

पूँजीगत संचय का सृजन किया जाता है

(क) पूँजीगत हानियों को अपलिखित करने के लिए

(ख) भविष्य की आकस्मिकताओं का मुकाबला करने के लिए

(ग) विशिष्ट उद्देश्य के लिए

(घ) भविष्य में दीर्घ-अवधि ऋणों के शोधन के लिए

**2.** The amount by which credit side of Trading Account exceeds the debit side is known as

(A) net profit

(B) gross profit

(C) net loss

(D) gross loss 1

जितनी राशि से व्यापार खाते का जमा पक्ष इसके नामे पक्ष से अधिक होता है वह कहलाता है

(क) शुद्ध लाभ

(ख) सकल लाभ

(ग) शुद्ध हानि

(घ) सकल हानि

**3.** Which of the following items is a revenue receipt for a not-for-profit organization? 1

(A) Honorarium

(B) Subscription

(C) Grant-in-aid

(D) Life membership fee

एक अ-लाभकारी संगठन के लिए निम्न मदों में से कौन-सी मद आगम प्राप्ति है?

(क) मानदेय

(ख) चंदा

(ग) सहायतार्थ अनुदान

(घ) आजीवन सदस्यता शुल्क

**4.** In the absence of a partnership deed, a partner who has advanced a loan to the firm

(A) will get interest at market rate which is 18% p.a.

(B) will get interest at the rate agreed upon between the partners

(C) will get interest at the rate of 6% p.a.

(D) will not get any interest 1

साझेदारी संलेख के न होने की स्थिति में, एक साझेदार को, जिसने फर्म को ऋण दिया है, ब्याज प्राप्त होगा

(क) बाजार दर से, जो 18% वार्षिक है

(ख) साझेदारों के बीच तय दर से

(ग) 6% वार्षिक दर से

(घ) कोई ब्याज नहीं मिलेगा

**5.** *P* and *Q* are partners and sharing profits in the ratio of 4 : 3. *R* is admitted as a new partner for $\frac{2}{7}$th share which he acquires equally from *P* and *Q*. The new profit- sharing ratio will be

(A) 4 : 3 : 2

(B) 3 : 2 : 2

(C) 1 : 1 : 1

(D) 5 : 4 : 2 1

*P* और *Q* साझेदार हैं और लाभों का बंटवारा 4 : 3 के अनुपात में करते हैं। *R* को $\frac{2}{7}$वें भाग के लिए नये साझेदार के रूप में प्रवेश दिया जाता है; जिस भाग को वह *P* और *Q* से बराबर-बराबर प्राप्त करता है। नया लाभ-हानि अनुपात होगा

(क) 4 : 3 : 2

(ख) 3 : 2 : 2

(ग) 1 : 1 : 1

(घ) 5 : 4 : 2

**6.** The property of a company belongs to

(A) its shareholders

(B) its directors

(C) its debenture holders

(D) the company 1

एक कंपनी की सम्पत्ति होती है

(क) इसके अंशधारकों की

(ख) इसके निदेशकों की

(ग) इसके ऋणपत्र धारकों की

(घ) स्वयं इस कंपनी की

**7.** The minimum paid-up capital of a public company is

(A) ₹ 1 lakh

(B) ₹ 5 lakh

(C) ₹ 10 lakh

(D) No fixed amount 1

एक सार्वजनिक कंपनी की न्यूनतम प्रदत्त पूँजी होती है

(क) ₹ 1 लाख

(ख) ₹ 5 लाख

(ग) ₹ 10 लाख

(घ) कोई निश्चित राशि नहीं

**8.** The amount of premium on issue of shares can be utilized

(A) for issuing fully-paid bonus shares

(B) to pay off a long-term loan

(C) for paying dividend to shareholders

(D) for paying directors' remuneration 1

अंशों के निर्गमन पर प्रीमियम राशि का उपयोग किया जा सकता है

(क) पूर्ण प्रदत्त बोनस अंशों के निर्गमन के लिए

(ख) दीर्घ-अवधि ऋणों के भुगतान के लिए

(ग) अंशधारकों को लाभांश का भुगतान करने के लिए

(घ) निदेशकों को पारिश्रमिक का भुगतान करने के लिए

**9.** A company has issued 500, 10% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% redeemable at a premium of 10%. The 10% Debenture A/c will be credited by

(A) ₹ 45,000

(B) ₹ 55,000

(C) ₹ 50,000

(D) ₹ 60,000 1

एक कंपनी ने ₹ 100 प्रति के 500, 10% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित किया जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर होना था। 10% ऋणपत्र खाते के जमा पक्ष में लिखा जाएगा

(क) ₹ 45,000

(ख) ₹ 55,000

(ग) ₹ 50,000

(घ) ₹ 60,000

**10.** Explain the following objectives of preparing Financial Statements : 3

*(a)* Ascertaining the financial position

*(b)* Helping in managerial decision-making

वित्तीय विवरण बनाने के निम्न उद्देश्यों को समझाइए :

(क) वित्तीय स्थिति का निर्धारण करना

(ख) प्रबन्धकीय निर्णय लेने में सहायता करना

**11.** Explain Fixed Capital Account while preparing Partners' Capital Accounts. Name any *two* items that will be recorded in this Account. 3

साझेदारों के पूँजी खाते तैयार करते समय स्थाई पूँजी खाते की व्याख्या कीजिए। ऐसी किन्हीं **दो** मदों के नाम दीजिए जिनका अभिलेखन इस पूँजी खाते में किया जाता है।

**12.** Manoj and Mahesh are partners sharing profits in the ratio of 5 : 3. They admitted Manjeet as a new partner for $\frac{1}{6}$th share. Manjeet acquires this share as $\frac{1}{8}$th from Manoj and $\frac{1}{24}$th from Mahesh. Manjeet brings in ₹ 24,000 as his share of goodwill.

Pass necessary Journal Entries for treatment of goodwill. 3

मनोज और महेश साझेदार हैं जो 5 : 3 के अनुपात में लाभों का बंटवारा करते हैं। उन्होंने मंजीत को $\frac{1}{6}$वें भाग के लिए नये साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। मंजीत ने इस भाग का $\frac{1}{8}$वां मनोज से तथा $\frac{1}{24}$वां महेश से प्राप्त किया। मंजीत ₹ 24,000 अपने भाग की ख्याति के लाया।

ख्याति के अभिलेखन की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**13.** How will you show the following in the Income and Expenditure Account of a not-for-profit organization for the year ending on 31st March, 2016? 5

*(i)* Rent paid in 2015–16—₹ 12,000

*(ii)* Rent due in 2015–16—₹ 3,000

*(iii)* Outstanding rent of 2014–15 paid in 2015–16—₹ 1,500

*(iv)* Rent paid in 2014–15 for 2015–16—₹ 2,000

*(v)* Rent paid for 2016–17—₹ 4,500

31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए एक अ-लाभकारी संगठन के आय-व्यय खाते में आप निम्न को किस प्रकार दर्शाएँगे?

*(i)* 2015–16 में किराए का भुगतान किया—₹ 12,000

*(ii)* 2015–16 में अदत्त किराया—₹ 3,000

*(iii)* 2014–15 में अदत्त किराए की राशि का 2015–16 में भुगतान किया—₹ 1,500

*(iv)* 2015–16 के लिए 2014–15 में किराए का भुगतान किया—₹ 2,000

*(v)* 2016–17 के लिए किराए का भुगतान किया—₹ 4,500

**14.** List any *five* items which are credited to the Capital Account of the deceased partner. 5

मृतक साझेदार के पूँजी खाते के जमा पक्ष में लिखी जानेवाली किन्हीं **पाँच** मदों की सूची बनाइए।

**15.** Sant and Ram are partners. On 1st April, 2015, their capitals were ₹ 1,20,000 and ₹ 80,000 respectively. The profit for the year ended on 31st March, 2016 was ₹ 84,000. Prepare Profit and Loss Appropriation Account for the year ending on 31st March, 2016, showing the distribution of profit after incorporating the following provisions for their partnership deed : 5

*(i)* They will share profits in the ratio of their capitals

*(ii)* Interest will be allowed on capitals @ 12% p.a.

*(iii)* Interest will be charged on drawings @ 6% p.a. Interest on drawings to be charged for full year

*(iv)* Salary to be paid to Ram @ ₹ 1,000 per month

*(v)* Sant and Ram withdrew ₹ 16,000 and ₹ 12,000 respectively during the year

सन्त एवं राम साझेदार हैं। 1 अप्रैल, 2015 को उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 1,20,000 और ₹ 80,000 हैं। 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए उनका लाभ ₹ 84,000 था। उनके साझेदारी संलेख हेतु निम्न प्रावधानों को समाविष्ट करने के पश्चात् लाभ के आवंटन को दर्शाते हुए 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए :

*(i)* वे लाभों का बंटवारा अपनी पूँजी के अनुपात में करेंगे

*(ii)* पूँजी पर 12% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाएगा

*(iii)* आहरण पर 6% वार्षिक दर से पूरे वर्ष के लिए ब्याज लगाया जाएगा

*(iv)* राम को ₹ 1,000 प्रति माह वेतन दिया जाना है

*(v)* वर्ष में सन्त और राम ने क्रमशः ₹ 16,000 और ₹ 12,000 का आहरण किया

**16.** What is meant by a company? Also give the meaning of 'private company' and 'public company' stating their features. 5

कंपनी का अर्थ बताइए। साथ ही 'निजी कंपनी' एवं 'सार्वजनिक कंपनी' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए इनका अर्थ भी दीजिए।

**17.** CB Electronics Ltd. purchased machinery for ₹ 1,98,000 and issued 9% debentures of ₹ 100 each to the vendors.

Pass necessary Journal Entries if the debentures were issued *(a)* at par, *(b)* at a premium of ₹ 10, and *(c)* at a discount of ₹ 10. 5

सी. बी. इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड ने ₹ 1,98,000 की मशीन का क्रय किया तथा विक्रेता को ₹ 100 प्रति के 9% ऋणपत्रों का निर्गमन किया।

आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए, यदि ऋणपत्र (क) सम मूल्य पर जारी किए गए, (ख) ₹ 10 प्रीमियम पर जारी किए गए, तथा (ग) ₹ 10 बट्टे पर जारी किए गए।

**18.** A company forfeited 100 shares of ₹ 10 each issued at a premium of ₹ 5 each for non-payment of allotment money of ₹ 9 per share (including premium) and call money of ₹ 3 per share. 60 of the forfeited shares were reissued for ₹ 8 per share fully paid-up.

Give Journal Entries in the books of the company for forfeiture and reissue of shares. 5

एक कंपनी ने अपने ₹ 10 प्रति के 100 अंश जो ₹ 5 प्रति प्रीमियम पर जारी किए गए थे, ₹ 9 प्रति अंश (प्रीमियम सम्मिलित) आवंटन राशि एवं ₹ 3 प्रति अंश याचना राशि का भुगतान न करने पर जब्त कर लिए। जब्त किए गए अंशों में से 60 अंशों को ₹ 8 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनःनिर्गमित कर दिया गया।

कंपनी की पुस्तकों में अंशों के जब्त करने एवं उनके पुनःनिर्गमन की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**19.** Vikram Advance Technology Ltd. issued for public subscription 50000 shares of ₹ 50 each at a premium of ₹ 10 per share payable as follows :

On application and allotment—₹ 40 per share (including premium)

On call—₹ 20 per share

Applications were received for 75000 shares. Allotment was made on pro rata basis to the applicants of 60000 shares. Remaining applications were rejected and money was returned. Excess money received with applications was adjusted towards sum due on call.

Call money was duly received except on 2000 shares held by Mota Bhai. His shares were forfeited. The forfeited shares were reissued at ₹ 40 per share fully paid-up.

Pass necessary Journal Entries for the above transactions in the books of the company. 6

विक्रम ऐड्वान्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने सार्वजनिक अभिदान हेतु ₹ 50 प्रति के 50000 अंश ₹ 10 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए, जिनका भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन एवं आवंटन पर—₹ 40 प्रति अंश (प्रीमियम सहित)
याचना पर—₹ 20 प्रति अंश

75000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 60000 अंशों के लिए आवेदकों को आनुपातिक आधार पर आवंटन कर दिया गया। शेष आवेदनों को रद्द किया गया और राशि लौटा दी गई। आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि को याचना पर देय राशि में समायोजित कर लिया गया।

मोटा भाई को छोड़कर, जो 2000 अंशों का धारक था, अन्य सभी से याचना राशि प्राप्त हो गई। उसके अंशों को जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए अंशों को ₹ 40 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनःनिर्गमित कर दिया गया।

कंपनी की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**20.** From the following information, calculate the total sales made during the year : 6

| | ₹ |
|---|---|
| Debtors as on 01.01.2015 | 40,600 |
| Cash Received from Debtors | 1,20,000 |
| Bad Debts | 1,500 |
| Provision for Bad Debts | 2,500 |
| Bills Receivables Received | 35,000 |
| Discount Allowed | 1,800 |
| Debtors as on 31.12.2015 | 56,000 |
| Cash Sales | 1,20,000 |

निम्न सूचना के आधार पर वर्ष के दौरान हुआ कुल विक्रय ज्ञात कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| 01.01.2015 को देनदार | 40,600 |
| देनदारों से प्राप्त रोकड़ | 1,20,000 |
| अप्राप्य ऋण | 1,500 |
| अप्राप्य ऋणों के लिए प्रावधान | 2,500 |
| प्राप्य विपत्र प्राप्त हुए | 35,000 |
| छूट प्रदान की गई | 1,800 |
| 31.12.2015 को देनदार | 56,000 |
| नकद विक्रय | 1,20,000 |

**21.** From the following Trial Balance of AB Indigenous Fertilizers, prepare Trading and Profit & Loss Account for the year ending on 31st March, 2016 and the Balance Sheet as on that date : 10

*Trial Balance of AB Indigenous Fertilizers*
*as on 31st March, 2016*

| *Particulars* | *Dr. Balances* ₹ | *Cr. Balances* ₹ |
|---|---|---|
| Stock (01.04.2015) | 15,000 | |
| Purchases | 75,000 | |
| Sales | | 1,60,000 |
| Debtors | 32,000 | |
| Creditors | | 25,000 |
| Wages | 8,000 | |
| Carriage Inward | 2,000 | |
| Salary | 16,000 | |
| Insurance | 4,000 | |
| Rent of Godown | 16,000 | |
| Interest on Loan | 3,000 | |
| Maintenance | 2,000 | |
| Mobile Phone Bills | 6,000 | |
| Plant and Machinery | 40,000 | |
| Land and Building | 60,000 | |
| Cash in Hand and at Bank | 26,000 | |
| Bank Loan | | 40,000 |
| Capital | | 80,000 |
| | 3,05,000 | 3,05,000 |

*Adjustments to be made are as follows* :

*(i)* Closing Stock was ₹ 52,000

*(ii)* Plant and Machinery to be depreciated @ 15% p.a.

*(iii)* Salaries Outstanding were ₹ 2,000

*(iv)* Provision to be made on Debtors @ 5% for Doubtful Debts

*(v)* Bank Loan was taken on 1st April, 2015 @ 15% p.a.

ए. बी. इन्डिजिनस फर्टिलाइजर्स के नीचे दिए गए तलपट से 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापार एवं लाभ-हानि खाता तथा उसी तिथि को स्थिति-विवरण तैयार कीजिए :

*ए. बी. इन्डिजिनस फर्टिलाइजर्स का तलपट*
*31 मार्च, 2016 को*

| *विवरण* | *नामे शेष* ₹ | *जमा शेष* ₹ |
|---|---|---|
| स्टॉक (01.04.2015) | 15,000 | |
| क्रय | 75,000 | |
| विक्रय | | 1,60,000 |
| देनदार | 32,000 | |
| लेनदार | | 25,000 |
| मजदूरी | 8,000 | |
| आन्तरिक भाड़ा | 2,000 | |
| वेतन | 16,000 | |
| बीमा | 4,000 | |
| गोदाम का किराया | 16,000 | |
| ऋण पर ब्याज | 3,000 | |
| रख-रखाव | 2,000 | |
| मोबाइल फोन बिल | 6,000 | |
| संयंत्र एवं मशीनरी | 40,000 | |
| भूमि एवं भवन | 60,000 | |
| हस्तस्थ रोकड़ एवं बैंक में रोकड़ | 26,000 | |
| बैंक ऋण | | 40,000 |
| पूँजी | | 80,000 |
| | 3,05,000 | 3,05,000 |

*समायोजन जो किए जाने हैं :*

*(i)* अंतिम स्टॉक ₹ 52,000 था

*(ii)* संयंत्र एवं मशीनरी पर 15% वार्षिक दर से अवक्षयण लगाना है

*(iii)* अदत्त वेतन ₹ 2,000 था

*(iv)* देनदारों पर 5% का संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान करना है

*(v)* बैंक से ऋण 1 अप्रैल, 2015 को 15% वार्षिक ब्याज दर पर लिया गया था

**OR / अथवा**

From the following Receipts and Payments Account of Society for Women Self-Employment (Regd.), prepare Income and Expenditure Account for the year ending on 31st March, 2016 and a Balance Sheet as on that date : 10

*Receipts & Payments A/c of Society for Women Self-Employment for the year ended on 31st March, 2016*

*Dr.* *Cr.*

| *Receipts* | | *Amount* ₹ | *Payments* | *Amount* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Balance b/d | | 18,000 | Salary | 16,000 |
| Subscription : | | | Electricity Expenses | 4,000 |
| 2014–15 | 2,000 | | Mobile Phone Expenses | 6,000 |
| 2015–16 | 24,400 | | Trainers' Remuneration | 12,000 |
| 2016–17 | 3,000 | 29,400 | Workshop Expenses | 18,000 |
| Fees from Trainees | | 16,000 | Tools | 20,000 |
| General Donation | | 16,000 | Literature | 4,000 |
| Entrance Fees | | 600 | Furniture | 14,000 |
| Govt. Grant | | 60,000 | FD in Bank (on 1st October, 2015 @ 10% p.a.) | 30,000 |
| | | | Balance c/d | 16,000 |
| | | 1,40,000 | | 1,40,000 |

*Additional Information* :

*(i)* Subscriptions outstanding on 31.03.2015 were ₹ 2,500 and on 31.03.2016 were ₹ 1,800

*(ii)* Furniture to be depreciated at 10% p.a.

*(iii)* Tools in the beginning of the year were of the value of ₹ 15,000 and at the end of the year ₹ 15,500

सोसाइटी फॉर वुमेन सेल्फ-एम्पलॉयमेन्ट (रजि.) के नीचे दिए गए प्राप्ति एवं भुगतान खाते के आधार पर 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए तथा इसी तिथि को स्थिति-विवरण भी बनाइए :

*सोसाइटी फॉर वुमेन सेल्फ-एम्पलॉयमेन्ट (रजि.) का प्राप्ति एवं भुगतान खाता*
*31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए*

*Dr.* *Cr.*

| *प्राप्तियाँ* | | *राशि* ₹ | *भुगतान* | *राशि* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| शेष आ० ला० | | 18,000 | वेतन | 16,000 |
| चंदा : | | | बिजली व्यय | 4,000 |
| 2014–15 | 2,000 | | मोबाइल फोन व्यय | 6,000 |
| 2015–16 | 24,400 | | प्रशिक्षकों का पारिश्रमिक | 12,000 |
| 2016–17 | 3,000 | 29,400 | कार्यशाला व्यय | 18,000 |
| प्रशिक्षार्थियों से शुल्क | | 16,000 | औजार | 20,000 |
| सामान्य दान | | 16,000 | साहित्य | 4,000 |
| प्रवेश शुल्क | | 600 | फर्नीचर | 14,000 |
| सरकारी अनुदान | | 60,000 | बैंक में सावधि जमा (1 अक्टूबर, 2015 को 10% वार्षिक दर पर) | 30,000 |
| | | | शेष आ० ले० | 16,000 |
| | | 1,40,000 | | 1,40,000 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ :*

*(i)* 31.03.2015 को अदत्त चंदा राशि ₹ 2,500 तथा 31.03.2016 को ₹ 1,800 थी

*(ii)* फर्नीचर पर 10% वार्षिक दर से अवक्षयण लगाना है

*(iii)* वर्ष के आरम्भ में औजार ₹ 15,000 मूल्य के तथा वर्ष के अन्त में ₹ 15,500 मूल्य के थे

**22.** Maya and Veena are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as on 31st March, 2016 was as follows :

*Balance Sheet of Maya and Veena*
*as on 31st March, 2016*

| *Liabilities* | *Amount* ₹ | *Assets* | | *Amount* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | 45,000 | Cash | | 20,000 |
| Mrigya's Loan | 60,000 | Debtors | 36,000 | |
| General Reserve | 35,000 | *Less* : Provision | | |
| Capitals : | | for Bad Debts | 1,000 | 35,000 |
| Maya 80,000 | | Stock | | 48,000 |
| Veena 40,000 | 1,20,000 | Plant and Machinery | | 60,000 |
| | | Furniture | | 20,000 |
| | | Motor Van | | 40,000 |
| | | Computers | | 22,000 |
| | | Goodwill | | 15,000 |
| | 2,60,000 | | | 2,60,000 |

Mrigya was admitted as a partner for $\frac{1}{5}$th share in the profits on 01.04.2016 on the following terms :

*(i)* Mrigya's Loan will be treated as her capital

*(ii)* Mrigya will bring ₹ 25,000 for her share of Goodwill premium

*(iii)* The Provision for Bad Debts was to be increased to ₹ 2,500

*(iv)* Plant and Machinery were valued at ₹ 52,000 and Furniture at ₹ 18,000

*(v)* Value of Stock was to be appreciated to ₹ 60,000 and Motor Van to be depreciated @ 20%

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and Balance Sheet of the new firm. 10

माया और वीना एक फर्म में साझेदार हैं और लाभों का बंटवारा 3 : 2 के अनुपात में करते हैं। 31 मार्च, 2016 को उनका स्थिति-विवरण इस प्रकार था :

*माया और वीना का स्थिति-विवरण*
*31 मार्च, 2016 को*

| *देयताएँ* | | *राशि* ₹ | *सम्पत्तियाँ* | | *राशि* ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 45,000 | रोकड़ | | 20,000 |
| मृग्या का ऋण | | 60,000 | देनदार | 36,000 | |
| सामान्य संचय | | 35,000 | *घटा* : अप्राप्य ऋणों के लिए प्रावधान | 1,000 | 35,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | | 48,000 |
| माया | 80,000 | | संयंत्र एवं मशीनरी | | 60,000 |
| वीना | 40,000 | 1,20,000 | फर्नीचर | | 20,000 |
| | | | मोटर वैन | | 40,000 |
| | | | कम्प्यूटर | | 22,000 |
| | | | ख्याति | | 15,000 |
| | | 2,60,000 | | | 2,60,000 |

मृग्या को 01.04.2016 को लाभों में $\frac{1}{5}$वें भाग के लिए निम्न शर्तों पर साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया :

*(i)* मृग्या के ऋण को उसकी पूँजी माना जाएगा

*(ii)* मृग्या ₹ 25,000 अपने भाग के ख्याति प्रीमियम के लाएगी

*(iii)* अप्राप्य ऋणों के लिए प्रावधान को बढ़ाकर ₹ 2,500 कर दिया जाएगा

*(iv)* संयंत्र एवं मशीनरी का मूल्य ₹ 52,000 तथा फर्नीचर का मूल्य ₹ 18,000 आंका गया

*(v)* स्टॉक के मूल्य में वृद्धि कर उसे ₹ 60,000 कर दिया गया तथा मोटर वैन पर 20% की दर से अवक्षयण लगाया गया

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए।

**OR / अथवा**

Yammi and Alia were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as on 31st March, 2016 was as follows :

*Balance Sheet of Yammi and Alia*
*as on 31st March, 2016*

| *Liabilities* | | *Amount* ₹ | *Assets* | *Amount* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Bank Overdraft | | 24,000 | Cash | 10,000 |
| Sundry Creditors | | 40,000 | Sundry Debtors | 50,000 |
| Yammi's Loan | | 40,000 | Stock | 46,000 |
| Reserve Fund | | 36,000 | Bills Receivable | 25,000 |
| Capitals : | | | Machinery | 64,000 |
| Yammi | 60,000 | | Investment | 40,000 |
| Alia | 60,000 | 1,20,000 | Fixtures | 25,000 |
| | | 2,60,000 | | 2,60,000 |

On that date, they decided to dissolve the firm. The realization of assets and settlement of liabilities was as follows :

*(i)*

| | ₹ |
|---|---|
| Sundry Debtors | 44,000 |
| Stock | 52,000 |
| Bills Receivable | 22,500 |
| Machinery | 50,000 |
| Fixtures | 20,000 |

*(ii)* Investments were taken over by Yammi at an agreed value of ₹ 50,000

*(iii)* Creditors were settled for ₹ 36,000

*(iv)* The expenses incurred on realization were ₹ 2,500

Prepare Realization Account, Bank Account and Partners' Capital Accounts. 10

यम्मी और आलिआ एक फर्म में साझेदार थीं तथा लाभों का बंटवारा 3 : 2 के अनुपात में कर रही थीं। 31 मार्च, 2016 को उनका स्थिति-विवरण निम्न था :

*यम्मी और आलिआ का स्थिति-विवरण*
*31 मार्च, 2016 को*

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| बैंक अधिविकर्ष | | 24,000 | रोकड़ | 10,000 |
| विभिन्न लेनदार | | 40,000 | विभिन्न देनदार | 50,000 |
| यम्मी का ऋण | | 40,000 | स्टॉक | 46,000 |
| संचय कोष | | 36,000 | प्राप्य विपत्र | 25,000 |
| पूँजी : | | | मशीनरी | 64,000 |
| यम्मी | 60,000 | | निवेश | 40,000 |
| आलिआ | 60,000 | 1,20,000 | फिक्सचर्स | 25,000 |
| | | 2,60,000 | | 2,60,000 |

इसी तिथि को उन्होंने फर्म के समापन का निर्णय लिया। सम्पत्तियों से वसूली तथा देयताओं का निपटान निम्न प्रकार से हुआ :

*(i)*

| | ₹ |
|---|---|
| विभिन्न देनदार | 44,000 |
| स्टॉक | 52,000 |
| प्राप्य विपत्र | 22,500 |
| मशीनरी | 50,000 |
| फिक्सचर्स | 20,000 |

*(ii)* यम्मी ने निवेश ₹ 50,000 मूल्य पर ले लिए

*(iii)* लेनदारों का ₹ 36,000 का भुगतान कर हिसाब चुकता कर दिया गया

*(iv)* वसूली व्यय ₹ 2,500 थे

वसूली खाता, बैंक खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

### OPTION–I

### विकल्प–I

### ( Analysis of Financial Statements )

### ( वित्तीय विवरणों का विश्लेषण )

**23.** What are cash equivalents? 1

रोकड़ तुल्य क्या होते हैं?

**24.** Name any *six* parties who are interested in the analysis of Financial Statements. 3

ऐसे किन्हीं **छः** पक्षों के नाम दीजिए जो वित्तीय विवरणों के विश्लेषण में रुचि रखते हैं।

**25.** From the following information, calculate Cash Flow from operating activities : 5

| | ₹ |
|---|---|
| Net Profit as per Statement of Profit and Loss for the year | 2,20,000 |
| Depreciation on Fixed Assets for the year | 64,000 |
| Increase in Reserve Fund | 35,000 |
| Income from Dividend | 12,000 |

The balances of the Current Assets and Current Liabilities in the beginning and at the end of the year were as follows :

| *Current items* | *Beginning of the year Amount* (₹) | *End of the year Amount* (₹) |
|---|---|---|
| Cash | 1,50,000 | 1,70,000 |
| Debtors | 2,40,000 | 2,10,000 |
| Inventories | 3,20,000 | 3,60,000 |
| Prepaid Expenses | 24,000 | 36,000 |
| Accounts Payable | 1,60,000 | 1,40,000 |

निम्न सूचना द्वारा परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| लाभ-हानि विवरण के अनुसार शुद्ध लाभ | 2,20,000 |
| वर्ष की स्थाई सम्पत्तियों पर अवक्षयण | 64,000 |
| संचय कोष में वृद्धि | 35,000 |
| लाभांश से लाभ | 12,000 |

चालू सम्पत्तियों तथा चालू दायित्वों के वर्ष के प्रारम्भ व वर्ष के अंत में निम्नलिखित शेष थे :

| चालू मदें | *वर्ष का प्रारम्भ* राशि (₹) | *वर्ष का अन्त* राशि (₹) |
|---|---|---|
| रोकड़ | 1,50,000 | 1,70,000 |
| देनदार | 2,40,000 | 2,10,000 |
| इन्वेन्टरी | 3,20,000 | 3,60,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 24,000 | 36,000 |
| देय खाते | 1,60,000 | 1,40,000 |

**26.** From the following items, calculate *(a)* Current Ratio, and *(b)* Liquid Ratio : 5

| | ₹ |
|---|---|
| Fixed Assets | 1,50,000 |
| Inventories | 45,000 |
| Debtors | 30,000 |
| Cash | 60,000 |
| Prepaid Expenses | 15,000 |
| Creditors | 50,000 |
| Reserves | 20,000 |

निम्नलिखित मदों से (क) चालू अनुपात तथा (ख) तरल अनुपात की गणना कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| स्थाई सम्पत्तियाँ | 1,50,000 |
| इन्वेन्टरी | 45,000 |
| देनदार | 30,000 |
| रोकड़ | 60,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 15,000 |
| लेनदार | 50,000 |
| संचय | 20,000 |

**27.** From the following Balance Sheets of MB Entertainments Ltd. as on 31st March, 2016 and 2015, prepare a common-size Balance Sheet : 6

*Balance Sheets of*
*MB Entertainments Ltd.*

| *Particulars* | *Note No.* | *31.03.2016* ₹ | *31.03.2015* ₹ |
|---|---|---|---|
| I. *Equity and Liabilities* | | | |
| 1. Shareholders' Funds : | | | |
| *(a)* Share Capital | | 40,00,000 | 30,00,000 |
| *(b)* Reserve and Surplus | | 6,00,000 | 4,00,000 |
| 2. Non-Current Liabilities : | | | |
| Long-term Borrowing | | 12,00,000 | 10,00,000 |
| 3. Current Liabilities : | | | |
| Trade Payables | | 2,00,000 | 6,00,000 |
| Total | | 60,00,000 | 50,00,000 |
| II. *Assets* | | | |
| 1. Non-Current Assets : | | | |
| Fixed Assets : | | | |
| *(a)* Tangible | | 40,00,000 | 30,00,000 |
| *(b)* Intangible | | 2,00,000 | 6,00,000 |
| 2. Current Assets : | | | |
| *(a)* Inventories | | 12,00,000 | 10,00,000 |
| *(b)* Cash and Cash Equivalents | | 6,00,000 | 4,00,000 |
| Total | | 60,00,000 | 50,00,000 |

एम. बी. एन्टरटेनमेन्ट्स लिमिटेड के 31 मार्च, 2016 तथा 2015 को दिए गए स्थिति-विवरणों से समान आकार के स्थिति-विवरण तैयार कीजिए :

*एम. बी. एन्टरटेनमेन्ट्स लिमिटेड के स्थिति-विवरण*

| *विवरण* | *नोट संख्या* | *31.03.2016* ₹ | *31.03.2015* ₹ |
|---|---|---|---|
| I. *समता एवं देयताएँ* | | | |
| 1. अंशधारकों का कोष : | | | |
| (क) अंश पूँजी | | 40,00,000 | 30,00,000 |
| (ख) संचय एवं आधिक्य | | 6,00,000 | 4,00,000 |
| 2. गैर-चालू देयताएँ : | | | |
| दीर्घकालिक ऋण | | 12,00,000 | 10,00,000 |
| 3. चालू देयताएँ : | | | |
| व्यापार देय | | 2,00,000 | 6,00,000 |
| कुल योग | | 60,00,000 | 50,00,000 |
| II. *सम्पत्तियाँ* | | | |
| 1. गैर-चालू सम्पत्तियाँ : | | | |
| स्थाई सम्पत्तियाँ : | | | |
| (क) मूर्त सम्पत्तियाँ | | 40,00,000 | 30,00,000 |
| (ख) अमूर्त सम्पत्तियाँ | | 2,00,000 | 6,00,000 |
| 2. चालू सम्पत्तियाँ : | | | |
| (क) इन्वेन्टरी | | 12,00,000 | 10,00,000 |
| (ख) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 6,00,000 | 4,00,000 |
| कुल योग | | 60,00,000 | 50,00,000 |

OPTION–II

विकल्प–II

**( Application of Computers in Financial Accounting )**

**( वित्तीय लेखांकन में कम्प्यूटर का प्रयोग )**

**23.** Define the term 'electronic spreadsheet'. 1

'इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट' को परिभाषित कीजिए।

**24.** Preparing of reports using 'Pivot Table' provides various advantages for its users. State any *three* such advantages. 3

'पिवॉट सारणी' का प्रयोग करके रिपोर्ट तैयार करने से इसके उपयोगकर्त्ताओं को बहुत-से लाभ प्राप्त होते हैं। ऐसे किन्हीं **तीन** लाभों का उल्लेख कीजिए।

**25.** What is a graph? Explain, in brief, the advantages of using graphs/charts. 5

ग्राफ क्या है? ग्राफ/चार्ट के प्रयोग के लाभों को संक्षेप में समझाइए।

**26.** What is a function in Excel? How is a function calculated? Explain. 5

एक्सेल में फंक्शन क्या होता है? फंक्शन की गणना कैसे की जाती है? समझाइए।

**27.** Explain various items of earnings included in Payroll Accounting. 6

पे-रोल लेखांकन में सम्मिलित अर्जनाओं के विभिन्न मदों को समझाइए।

**OLD**

This Question Paper contains **27** questions.

इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत **27** प्रश्न हैं।

# ACCOUNTANCY

## लेखांकन

**( Principles and Practice of Financial Accounting )**

**( वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार )**

## (320)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper has *two* Sections—Section 'A' and Section 'B'.

(ii) Attempt *all* questions of Section 'A'.

(iii) Section 'B' has *two* options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में **दो** विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## SECTION–A

### खण्ड–अ

**1.** Give *one* example of error of principle. 1

सैद्धान्तिक अशुद्धि का **एक** उदाहरण दीजिए।

**2.** What is meant by unlimited liability of partners? 1

साझेदारों के असीमित दायित्व से क्या अभिप्राय है?

**3.** What do you understand by common seal of a company? 1

कंपनी की सार्व मुहर से आप क्या समझते हैं?

**4.** Distinguish between Book-keeping and Accounting on the basis of 'function' and 'scope'. 2

पुस्तपालन एवं लेखांकन में 'कार्य' एवं 'क्षेत्र' के आधार पर अन्तर बताइए।

**5.** Explain accounting cost concept. 2

लेखांकन लागत अवधारणा को समझाइए।

**6.** Explain any *two* limitations of computerized accounting. 2

कम्प्यूटरीकृत लेखांकन की किन्हीं **दो** सीमाओं का वर्णन कीजिए।

**7.** Distinguish between Capital Expenditure and Revenue Expenditure on the basis of 'purpose' and 'earning capacity'. 2

पूँजीगत व्यय एवं आगम व्यय के बीच 'उद्देश्य' एवं 'लाभ-उपार्जन क्षमता' के आधार पर अन्तर बताइए।

**8.** State any *two* features of Receipts and Payments Account. 2

प्राप्ति एवं भुगतान खाता की किन्हीं **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**9.** *A*, *B* and *C* are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. *C* died on 31st August, 2015. Sales for the year 2014–15 amounted to ₹ 5,00,000 and the Profit on Sales is ₹ 1,00,000. Accounts are closed on 31st March every year. Sales from 1st April, 2015 to 31st August, 2015 are ₹ 1,50,000.

Calculate the deceased partner's share in the profit up to the date of death. 2

*A*, *B* और *C* साझेदार हैं तथा लाभों का आवंटन 3 : 2 : 1 के अनुपात में करते हैं। *C* की 31 अगस्त, 2015 को मृत्यु हो गई। वर्ष 2014–15 की बिक्री ₹ 5,00,000 थी तथा बिक्री पर लाभ ₹ 1,00,000 था। खाते प्रतिवर्ष 31 मार्च को बन्द किए जाते हैं। 1 अप्रैल, 2015 से 31 अगस्त, 2015 तक की बिक्री ₹ 1,50,000 है। मृतक साझेदार के, उसकी मृत्यु की तिथि तक के, लाभ में भाग की गणना कीजिए।

**10.** Prepare accounting equation from the following transactions : 4

*(i)* Commenced business with cash—₹ 20,000

*(ii)* Purchased a Building for ₹ 15,000, giving ₹ 5,000 in cash and the balance through a loan. Also purchased Furniture of ₹ 7,500 from cash

*(iii)* Sold Furniture costing ₹ 1,000 for ₹ 1,500

*(iv)* Paid in cash ₹ 500 for Loan and ₹ 300 for Interest

निम्न लेनदेनों से लेखा समीकरण तैयार कीजिए :

*(i)* नकद राशि से व्यापार आरम्भ किया ₹ 20,000

*(ii)* ₹ 15,000 में भवन का क्रय किया, जिसमें से ₹ 5,000 का नकद भुगतान किया तथा शेष का भुगतान ऋण द्वारा किया। ₹ 7,500 का नकद भुगतान कर फर्नीचर भी खरीदा

*(iii)* ₹ 1,000 की लागत के फर्नीचर को ₹ 1,500 में बेच दिया

*(iv)* ₹ 500 ऋण का तथा ₹ 300 ब्याज का नकद भुगतान किया

**11.** Journalize the following transactions : 4

*(i)* Received ₹ 765 from Narendra in full settlement of a debt to his account for ₹ 800; the balance amount is allowed as discount

*(ii)* Received ₹ 225 in cash for a bad debt written off last year

*(iii)* Goods drawn by proprietor for his personal use (cost price—₹ 400, sale price—₹ 500)

*(iv)* Provide interest on capital of ₹ 10,000 at $5\frac{1}{2}\%$ p.a. for six months

निम्न लेनदेनों की रोजनामचा में प्रविष्टियाँ कीजिए :

*(i)* नरेन्द्र से उसके खाते के ₹ 800 के ऋण का पूरा हिसाब चुकता करने के लिए ₹ 765 प्राप्त हुए; शेष राशि की उसे छूट दे दी गई

*(ii)* पिछले वर्ष जो अप्राप्य ऋण अपलिखित किया गया था वह अब नकद प्राप्त हो गया ₹ 225

*(iii)* व्यवसाय-स्वामी द्वारा वस्तुओं का निजी उपयोग के लिए आहरण किया गया (लागत मूल्य ₹ 400, विक्रय मूल्य ₹ 500)

*(iv)* ₹ 10,000 की पूँजी पर $5\frac{1}{2}\%$ वार्षिक की दर से छः माह के ब्याज का प्रावधान कीजिए

**12.** Prepare a Bank Column Cash Book from the following transactions of Yogesh : 4

| 2015 | | |
|---|---|---|
| January | 1 | Opening cash balance—₹ 150<br>Overdraft at bank— ₹ 1,000 |
| ” | 2 | Cash received from sale of goods—₹ 3,000 and deposited the same into the bank on 4th January |
| ” | 6 | Cash withdrawn from bank for office use—₹ 500 |
| ” | 10 | Withdrew from bank for personal use—₹ 100 |
| ” | 15 | Paid office rent by cheque—₹ 200 |

योगेश के निम्न लेनदेनों से बैंक स्तम्भीय रोकड़ बही तैयार कीजिए :

| 2015 | | |
|---|---|---|
| जनवरी | 1 | आरम्भिक रोकड़ शेष ₹ 150, बैंक अधिविकर्ष ₹ 1,000 |
| ” | 2 | वस्तुओं की बिक्री से नकद प्राप्त हुए ₹ 3,000 जिन्हें 4 जनवरी को बैंक में जमा करा दिया गया |
| ” | 6 | कार्यालय के उपयोग के लिए बैंक से राशि निकाली ₹ 500 |
| ” | 10 | बैंक से निजी उपयोग के लिए निकाले ₹ 100 |
| ” | 15 | कार्यालय के किराए का चेक द्वारा भुगतान किया ₹ 200 |

**13.** Prepare Mohan's Account from the following details : 4

| 2015 | | |
|---|---|---|
| July | 1 | Credit Balance of Mohan's Account—₹ 2,000 |
| ” | 15 | Amount Paid to Mohan—₹ 1,000 |
| August | 16 | Goods Purchased from Mohan—₹ 4,000 |
| October | 30 | Paid to Mohan—₹ 1,980 and Discount Allowed—₹ 20 |
| November | 18 | Goods Returned to Mohan—₹ 500 |

निम्न विवरण से मोहन का खाता बनाइए :

| 2015 | | |
|---|---|---|
| जुलाई | 1 | मोहन के खाते का जमा शेष—₹ 2,000 |
| ” | 15 | मोहन को भुगतान किया—₹ 1,000 |
| अगस्त | 16 | मोहन से माल खरीदा—₹ 4,000 |
| अक्टूबर | 30 | मोहन को भुगतान किया—₹ 1,980 और छूट प्राप्त हुई—₹ 20 |
| नवम्बर | 18 | मोहन को माल वापस किया—₹ 500 |

**14.** Pass necessary Journal Entries to rectify the following errors : 4

*(i)* Payment of salaries amounting to ₹ 1,500 was debited to Personal Account

*(ii)* Goods amounting to ₹ 705 was returned by Sharda and was passed through Purchases Book

*(iii)* Purchase of a chair from Gopal Furniture Mart for ₹ 65 has been entered in Purchases Book as ₹ 56

*(iv)* An amount of ₹ 220 withdrawn by the proprietor for his personal use has been debited to Trade Expenses Account

रोजनामचा में प्रविष्टि कर निम्न अशुद्धियों का शोधन कीजिए :

*(i)* ₹ 1,500 का वेतन का भुगतान किया जो निजी खाते के नामे में लिख दिया गया

*(ii)* शारदा से ₹ 705 का माल वापस आया जिसका क्रय बही में अभिलेखन कर दिया गया

*(iii)* गोपाल फर्नीचर मार्ट से ₹ 65 की कुर्सी खरीदी गई जिसकी क्रय बही में प्रविष्टि ₹ 56 की गई

*(iv)* ₹ 220 की राशि का व्यवसाय-स्वामी ने अपने निजी उपयोग के लिए आहरण किया, जिसे व्यापार व्यय खाते के नामे में लिखा गया

**15.** Show the treatment of the following items in the Profit and Loss Account, and Balance Sheet : 4

| *Name of Accounts* | *Debit* (₹) | *Credit* (₹) |
|---|---|---|
| Debtors | 40,300 | — |
| Provision for Doubtful Debts | — | 2,000 |
| Bad Debts | 700 | — |

*Adjustments* :

*(i)* There were further Bad Debts of ₹ 300

*(ii)* Make a Provision for Doubtful Debts on Debtors @ 5%

निम्न मदों की प्रविष्टि को लाभ-हानि खाता तथा स्थिति-विवरण में दर्शाइए :

| *खाते का नाम* | *नामे (₹)* | *जमा (₹)* |
| --- | --- | --- |
| देनदार | 40,300 | — |
| संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | — | 2,000 |
| अप्राप्य ऋण | 700 | — |

*समायोजनाएँ :*

*(i)* अतिरिक्त अप्राप्य ऋण ₹ 300

*(ii)* 5% की दर से देनदार पर संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान करना है

**16.** *L* and *M* are partners in a firm sharing profit in the ratio of 5 : 3. They admitted *N* as a new partner for $\frac{1}{4}$th share in the profit. *N* brings ₹ 40,000 for his share of goodwill and ₹ 1,00,000 for capital. There existed goodwill of ₹ 32,000 in the firm's books before *N*'s admission.

Make Journal Entries in the books of the firm after admission of *N*. The new profit-sharing ratio will be 2 : 1 : 1. 4

*L* और *M* एक फर्म में साझेदार हैं और लाभों का आवंटन 5 : 3 के अनुपात में करते हैं। उन्होंने *N* को लाभ में $\frac{1}{4}$वें भाग के लिए नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। *N* ₹ 40,000 अपने भाग की ख्याति के तथा ₹ 1,00,000 पूँजी के लाया। *N* के प्रवेश के पूर्व फर्म की लेखा पुस्तकों में ₹ 32,000 ख्याति के लिखे हुए थे।

*N* के प्रवेश के पश्चात फर्म की बहियों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। नया लाभ-हानि अनुपात 2 : 1 : 1 होगा।

**17.** Make Journal Entries in the following cases : 4

*(i)* 100 debentures of ₹ 1,000 each issued at par redeemable at 10% premium

*(ii)* 200 debentures of ₹ 1,000 each issued at a discount of 5% redeemable at par

*(iii)* 200 debentures of ₹ 1,000 each issued at 10% premium redeemable at par

*(iv)* 100 debentures of ₹ 500 each issued at a premium of 10% redeemable at a premium of 5%

निम्न की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

*(i)* ₹ 1,000 प्रति के 100 ऋणपत्रों का सममूल्य पर निर्गमन; 10% प्रीमियम पर शोधन

*(ii)* ₹ 1,000 प्रति के 200 ऋणपत्रों का 5% बट्टे पर निर्गमन; सममूल्य पर शोधन

*(iii)* ₹ 1,000 प्रति के 200 ऋणपत्रों का 10% प्रीमियम पर निर्गमन; सममूल्य पर शोधन

*(iv)* ₹ 500 प्रति के 100 ऋणपत्रों का 10% प्रीमियम पर निर्गमन; 5% प्रीमियम पर शोधन

**18.** The Cash Book of CB & Bros. shows a balance of ₹ 12,500 as on 31st March, 2016. On comparing the Cash Book with the Pass Book, the following discrepancies were noted :

*(i)* Cheques of ₹ 16,000 were issued during the month of March but of these, cheques for ₹ 4,000 were presented for payment in the month of April 2016

*(ii)* Cheques of ₹ 12,000 were paid into bank but of these, cheques for ₹ 9,000 not yet collected

*(iii)* Bank paid insurance premium—₹ 500

*(iv)* Bank charges—₹ 30

*(v)* Cheque directly deposited by a customer—₹ 800

*(vi)* Interest on investment collected by bank—₹ 200

Prepare Bank Reconciliation Statement as on 31st March, 2016. 6

सी. बी. ब्रदर्स की रोकड़ बही 31 मार्च, 2016 को ₹ 12,500 का शेष दर्शा रही थी। रोकड़ बही का पास बुक से मिलान करने पर निम्न अन्तर पाए गए :

*(i)* ₹ 16,000 के चेक मार्च के महीने में जारी किए गए लेकिन इनमें से ₹ 4,000 के चेक अप्रैल 2016 में भुगतान के लिए प्रस्तुत किए गए

*(ii)* ₹ 12,000 के चेक बैंक में जमा कराए गए लेकिन इनमें से ₹ 9,000 के चेकों की अभी वसूली नहीं हुई है

*(iii)* बैंक ने बीमा प्रीमियम का भुगतान किया—₹ 500

*(iv)* बैंक व्यय थे—₹ 30

*(v)* ग्राहक ने चेक सीधे जमा कर दिया—₹ 800

*(vi)* बैंक ने विनियोग पर ब्याज एकत्रित किया—₹ 200

31 मार्च, 2016 को बैंक समाधान विवरण बनाइए।

**19.** Bata Ltd. issued and allotted 1000 shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 3 per share payable—₹ 3 on application, ₹ 5 (including premium) on allotment and ₹ 2 on first call and the balance ₹ 3 on second and final call. All money was duly received except of Mr. Taman who was allotted 100 shares. He failed to pay allotment and on his subsequent failure to pay the first call, his shares were forfeited.

Journalize till the receipt of second and final call. 6

बाटा लि. ने ₹ 10 प्रति के 1000 अंश ₹ 3 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए एवं उनका आवंटन किया। जिनका भुगतान इस प्रकार होना था—₹ 3 आवेदन पर; ₹ 5 आवंटन पर (प्रीमियम सम्मिलित); ₹ 2 प्रथम याचना पर एवं ₹ 3 द्वितीय एवं अन्तिम याचना पर। सभी राशि यथावत् प्राप्त हुई केवल तमन को छोड़कर जिसको 100 अंश आवंटित किए गए थे। उसने आवंटन राशि का भुगतान नहीं किया। प्रथम याचना राशि के भुगतान न करने पर उसके अंशों को जब्त कर लिया गया। द्वितीय एवं अन्तिम याचना राशि की प्राप्ति तक की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**20.** Hall Ltd. purchased a building for ₹ 10,80,000 and payment is to be made by the issue of debentures of ₹ 100.

Give Journal Entries in the following cases : 6

*(i)* Debentures are issued at par

*(ii)* Debentures are issued at a premium of 20%

*(iii)* Debentures are issued at a discount of 10%

हॉल लि. ने ₹ 10,80,000 में भवन खरीदा जिसका भुगतान ₹ 100 के ऋणपत्रों के निर्गमन द्वारा किया जाना है।

निम्न स्थितियों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

*(i)* ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया

*(ii)* ऋणपत्रों का निर्गमन 20% प्रीमियम पर किया गया

*(iii)* ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया

**21.** From the following Trial Balance, prepare Trading Account and Profit & Loss Account for the year ending on 31st December, 2015 and a Balance Sheet as on that date : 10

| *Name of Accounts* | *Dr. Balances* ₹ | *Cr. Balances* ₹ |
|---|---|---|
| Sundry Debtors | 32,000 | |
| Stock (01.01.2015) | 22,000 | |
| Cash in Hand | 35 | |
| Cash at Bank | 1,545 | |
| Plant and Machinery | 17,500 | |
| Sundry Creditors | | 10,650 |
| Sales | | 1,34,000 |
| Trade Expenses | 1,075 | |
| Salaries | 2,225 | |
| Carriage Outward | 400 | |
| Rent | 900 | |
| Bills Payable | | 7,500 |
| Purchases | 1,18,370 | |
| Discount | 1,100 | |
| Building | 34,500 | |
| Capital | | 79,500 |
| | 2,31,650 | 2,31,650 |

*Additional Information* :

*(i)* Stock on 31st December, 2015 was valued at ₹ 12,450

*(ii)* Write off ₹ 400 as Bad Debts

*(iii)* The Reserve for Doubtful Debts is to be maintained at 5% on Debtors

*(iv)* Provide Depreciation on Plant and Machinery at 10% and Building at 2%

*(v)* Outstanding Expenses : Rent—₹ 85 and Trade Expenses—₹ 150

निम्न तलपट से 31 दिसम्बर, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापार एवं लाभ-हानि खाता बनाइए तथा उसी तिथि का स्थिति-विवरण भी तैयार कीजिए :

| *खाते का नाम* | *नामे शेष* ₹ | *जमा शेष* ₹ |
|---|---|---|
| विभिन्न देनदार | 32,000 | |
| स्टॉक (01.01.2015) | 22,000 | |
| हस्तस्थ रोकड़ | 35 | |
| बैंक में रोकड़ | 1,545 | |
| संयंत्र एवं मशीनरी | 17,500 | |
| विभिन्न लेनदार | | 10,650 |
| विक्रय | | 1,34,000 |
| व्यापार व्यय | 1,075 | |
| वेतन | 2,225 | |
| बाह्य भाड़ा | 400 | |
| किराया | 900 | |
| देय विपत्र | | 7,500 |
| क्रय | 1,18,370 | |
| बट्टा | 1,100 | |
| भवन | 34,500 | |
| पूँजी | | 79,500 |
| | 2,31,650 | 2,31,650 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ* :

*(i)* 31 दिसम्बर, 2015 को स्टॉक का मूल्य ₹ 12,450 आंका गया

*(ii)* ₹ 400 अप्राप्य ऋणों के अपलिखित करने हैं

*(iii)* देनदारों पर 5% से संदिग्ध ऋणों के लिए संचय बनाए रखना है

*(iv)* संयंत्र एवं मशीनरी पर 10% तथा भवन पर 2% से अवक्षयण का प्रावधान करना है

*(v)* अदत्त व्यय : किराया ₹ 85 तथा व्यापार व्यय ₹ 150

**OR / अथवा**

From the following Receipts and Payments Account of a club and from the additional information supplied, prepare an Income and Expenditure Account for the year ending on 31st December, 2015 and the Balance Sheet as on that date : 10

*Receipts & Payments A/c for the year ending on 31st December, 2015*

*Dr.* *Cr.*

| *Receipts* | *Amount* ₹ | *Payments* | *Amount* ₹ |
|---|---|---|---|
| Balance b/d | 250 | Salaries | 1,200 |
| Subscription : | | General Expenses | 300 |
| 2014 | 250 | Electric Charges | 200 |
| 2015 | 1,000 | Books | 100 |
| 2016 | 200 | Newspapers | 400 |
| Sale of Old Furniture | | Postage | 50 |
| (costing ₹ 100) | 60 | Furniture | 250 |
| Rent Received for the | | Balance c/d | 500 |
| use of Hall | 740 | | |
| Profit from Entertainment | 400 | | |
| Sale of Newspapers | 100 | | |
| | 3,000 | | 3,000 |

*Additional Information* :

*(i)* The club has 50 members, each paying annual subscription of ₹ 25. Subscriptions Outstanding on 31st December, 2015 were ₹ 300

*(ii)* On 31st December, 2015, Salaries Outstanding amounted to ₹ 100 and Salaries Paid included ₹ 100 for the year 2014

*(iii)* On 1st January, 2015, the club owned Land and Building valued at ₹ 10,000, Furniture valued at ₹ 600 and Books valued at ₹ 500

एक क्लब के निम्न प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा अतिरिक्त सूचना से 31 दिसम्बर, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता बनाइए तथा उसी तिथि का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए :

*प्राप्ति एवं भुगतान खाता 31 दिसम्बर, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए*

*Dr.* *Cr.*

| *प्राप्तियाँ* | *राशि* ₹ | *भुगतान* | *राशि* ₹ |
|---|---|---|---|
| शेष आ० ला० | 250 | वेतन | 1,200 |
| चंदा : | | सामान्य व्यय | 300 |
| 2014 | 250 | बिजली व्यय | 200 |
| 2015 | 1,000 | पुस्तकें | 100 |
| 2016 | 200 | समाचार-पत्र | 400 |
| पुराने फर्नीचर का विक्रय | | पोस्टेज | 50 |
| (लागत मूल्य ₹ 100) | 60 | फर्नीचर | 250 |
| हॉल व्यवहार करने का किराया | 740 | शेष आ० ले० | 500 |
| मनोरंजन से लाभ | 400 | | |
| समाचार-पत्रों का विक्रय | 100 | | |
| | 3,000 | | 3,000 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ :*

*(i)* क्लब के 50 सदस्य हैं प्रत्येक ₹ 25 वार्षिक चंदा देते हैं; 31 दिसम्बर, 2015 को अदत्त चंदा ₹ 300 था

*(ii)* 31 दिसम्बर, 2015 को अदत्त वेतन ₹ 100 था। भुगतान किए गए वेतन में ₹ 100, वर्ष 2014 के लिए सम्मिलित था

*(iii)* 1 जनवरी, 2015 को क्लब के स्वामित्व में थे : भूमि एवं भवन ₹ 10,000 मूल्य, फर्नीचर ₹ 600 मूल्य एवं पुस्तकें ₹ 500 मूल्य के

**22.** $X$, $Y$ and $Z$ are partners sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Their Balance Sheet as on 31st March, 2015 stood as under :

*Balance Sheet of X, Y and Z as on 31st March, 2015*

| *Liabilities* | *Amount* ₹ | *Assets* | | *Amount* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Bills Payable | 90,000 | Cash at Bank | | 44,000 |
| Creditors | 36,000 | Debtors | 70,000 | |
| General Reserve | 18,000 | *Less* : Provision | 10,000 | 60,000 |
| Capital A/cs : | | Stock | | 80,000 |
| *X* | 1,40,000 | Investments | | 40,000 |
| *Y* | 1,60,000 | Furniture | | 48,000 |
| *Z* | 1,00,000 | Machinery | | 2,48,000 |
| | | Goodwill | | 24,000 |
| | 5,44,000 | | | 5,44,000 |

On the above date, $Y$ retired. The following were agreed upon :

*(i)* Goodwill of the firm will be valued at ₹ 90,000

*(ii)* Value of Machinery and Furniture to be depreciated by 5%

*(iii)* Provision for Doubtful Debts to be maintained at 20% on Sundry Debtors

*(iv)* Out of Total Insurance Paid, Premium amounting to the extent of ₹ 1,000 to be treated as Prepaid Insurance

*(v)* The Total Capital of the new firm is decided to be ₹ 2,40,000. Necessary adjustments to be made in cash

Prepare Revaluation A/c, Partners' Capital A/cs and Balance Sheet of $X$ and $Z$ after $Y$'s retirement. 10

*X*, *Y* एवं *Z* साझेदार हैं और लाभों का आवंटन 3 : 2 : 1 के अनुपात में करते हैं। 31 मार्च, 2015 को उनका स्थिति-विवरण निम्न था :

*X, Y एवं Z का स्थिति-विवरण*
*31 मार्च, 2015 को*

| *देयताएँ* | *राशि* ₹ | *सम्पत्तियाँ* | | *राशि* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| देय विपत्र | 90,000 | बैंक में रोकड़ | | 44,000 |
| लेनदार | 36,000 | देनदार | 70,000 | |
| सामान्य संचय | 18,000 | *घटा* : प्रावधान | 10,000 | 60,000 |
| पूँजी : | | स्टॉक | | 80,000 |
| *X* | 1,40,000 | विनियोग | | 40,000 |
| *Y* | 1,60,000 | फर्नीचर | | 48,000 |
| *Z* | 1,00,000 | मशीनरी | | 2,48,000 |
| | | ख्याति | | 24,000 |
| | 5,44,000 | | | 5,44,000 |

उपरोक्त तिथि को *Y* ने अवकाश ग्रहण किया तथा निम्न पर सहमति हुई :

*(i)* फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 90,000 होगा

*(ii)* मशीनरी और फर्नीचर का मूल्य 5% कम किया जाएगा

*(iii)* विभिन्न देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए 20% का प्रावधान रखा जाएगा

*(iv)* कुल बीमा प्रीमियम में से ₹ 1,000 की राशि को पूर्वदत्त बीमा माना जाएगा

*(v)* नई फर्म की कुल पूँजी ₹ 2,40,000 होगी। आवश्यक समायोजन नकद में होगा

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए तथा *Y* के अवकाश ग्रहण कर लेने के पश्चात् *X* एवं *Z* का स्थिति-विवरण बनाइए।

**OR / अथवा**

Following is the Balance Sheet of Anand and Vishnu as on 31st March, 2015 :

*Balance Sheet as on 31st March, 2015*

| *Liabilities* | *Amount* ₹ | *Assets* | | *Amount* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Bank Overdraft | 10,000 | Cash | | 59,000 |
| Bills Payable | 26,000 | Debtors | 90,000 | |
| Creditors | 30,000 | *Less* : Provision | 12,000 | 78,000 |
| Workmen Compensation Fund | 54,000 | Stock | | 70,000 |
| General Reserve | 21,000 | Furniture | | 60,000 |
| Capital Accounts : | | Machinery | | 1,20,000 |
| Anand | 2,00,000 | Goodwill | | 54,000 |
| Vishnu | 1,00,000 | | | |
| | 4,41,000 | | | 4,41,000 |

Anand and Vishnu were sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. On 1st April, 2015, they admitted Krishna as a partner. The new profit-sharing ratio is agreed as 3 : 2 : 1. Other adjustments are as under :

*(i)* Krishna is to bring ₹ 90,000 as capital and it was decided that the capital of all partners shall be in proportion to their profit-sharing ratio

*(ii)* The goodwill of the firm is valued at ₹ 1,20,000 and Krishna will contribute his share of goodwill in cash

*(iii)* All debtors are good

*(iv)* Depreciate furniture by 10%

*(v)* Any deficiency or excess of capital will be adjusted through cash

*(vi)* Anand will pay off bank overdraft

Prepare Revaluation A/c, Partners' Capital A/cs and Balance Sheet of newly constituted firm. 10

आनन्द और विष्णु का 31 मार्च, 2015 का स्थिति-विवरण नीचे दिया गया है :

*31 मार्च, 2015 को स्थिति-विवरण*

| *देयताएँ* | *राशि* ₹ | *सम्पत्तियाँ* | | *राशि* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| बैंक अधिविकर्ष | 10,000 | रोकड़ | | 59,000 |
| देय विपत्र | 26,000 | देनदार | 90,000 | |
| लेनदार | 30,000 | *घटा* : प्रावधान | 12,000 | 78,000 |
| कामगार क्षतिपूर्ति कोष | 54,000 | स्टॉक | | 70,000 |
| सामान्य संचय | 21,000 | फर्नीचर | | 60,000 |
| पूँजी खाते : | | मशीनरी | | 1,20,000 |
| आनन्द | 2,00,000 | ख्याति | | 54,000 |
| विष्णु | 1,00,000 | | | |
| | 4,41,000 | | | 4,41,000 |

आनन्द और विष्णु लाभ-हानि का आवंटन 2 : 1 के अनुपात में कर रहे थे। 1 अप्रैल, 2015 को उन्होंने कृष्णा को एक साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। तय हुआ कि नया लाभ-हानि अनुपात 3 : 2 : 1 होगा। अन्य समायोजन इस प्रकार से हैं :

*(i)* कृष्णा ₹ 90,000 पूँजी के लाएगा और तय हुआ कि सभी साझेदारों की पूँजी उनके लाभ आवंटन अनुपात में होगी

*(ii)* फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,20,000 किया गया तथा कृष्णा अपने भाग की ख्याति की राशि नकद में लाएगा

*(iii)* सभी देनदार सही थे

*(iv)* फर्नीचर पर 10% अवक्षयण लगाया जाए

*(v)* पूँजी में कोई कमी अथवा आधिक्य का समायोजन नकद द्वारा होगा

*(vi)* आनन्द बैंक अधिविकर्ष का भुगतान करेगा

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति-विवरण बनाइए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

**( Analysis of Financial Statements )**

**( वित्तीय विवरणों का विश्लेषण )**

**23.** What do you understand by common-size Balance Sheet? 1

समान आकार के स्थिति-विवरण का क्या अर्थ है?

**24.** Calculate Opening Stock and Closing Stock from the following information : 2

Sales during the year—₹ 4,00,000
Gross profit on sales—25%
Stock turnover ratio—8 times
Closing stock—₹ 50,000 more than opening stock

निम्न सूचना से आरम्भिक स्टॉक एवं अन्तिम स्टॉक की गणना कीजिए :

वर्ष में विक्रय—₹ 4,00,000
विक्रय पर सकल लाभ—25%
स्टॉक आवर्त अनुपात—8 बार
अन्तिम स्टॉक आरम्भिक स्टॉक से ₹ 50,000 अधिक था

**25.** Give any *two* purposes of analysing Financial Statements. 2

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण के कोई **दो** उद्देश्य बताइए।

**26.** Current ratio of a company is 3 : 1. State, giving reasons, which of the following would improve, reduce or not change the ratio : 4

*(i)* Issue of bonus shares out of profits

*(ii)* Redemption of preference shares out of proceeds from fresh issue of shares of equal amount

*(iii)* Purchase of computer on credit of two months

*(iv)* Sale of goods for ₹ 80,000 on credit of one month

एक कंपनी का चालू अनुपात 3 : 1 है। कारण देकर बताइए कि निम्न में से कौन-सा इस अनुपात में वृद्धि करेगा, उसे कम करेगा या इसमें कोई परिवर्तन नहीं करेगा :

*(i)* लाभ में से बोनस अंशों का निर्गमन

*(ii)* समान मूल्य की राशि के नए अंशों के निर्गमन से प्राप्त राशि से पूर्वाधिकार अंशों का शोधन

*(iii)* दो महीने के उधार पर कम्प्यूटर का क्रय

*(iv)* एक महीने के उधार पर ₹ 80,000 के माल का विक्रय

**27.** From the following Balance Sheets of Raj Ltd. as on 31.03.2014 and 31.03.2015, prepare a Cash Flow Statement : 6

*Balance Sheets of Raj Ltd.*
*as on 31.03.2014 and 31.03.2015*

| *Liabilities* | *31.03.2014* ₹ | *31.03.2015* ₹ | *Assets* | *31.03.2014* ₹ | *31.03.2015* ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 40,000 | 60,000 | Land and Building | 50,000 | 60,000 |
| General Reserve | 20,000 | 30,000 | Machinery | 30,000 | 35,000 |
| Profit and Loss Account | 10,000 | 15,000 | Stock | 20,000 | 25,000 |
| Creditors | 30,000 | 35,000 | Debtors | 10,000 | 20,000 |
| Bills Payable | 20,000 | 15,000 | Bills Receivable | 5,000 | 8,000 |
| | | | Bank | 5,000 | 7,000 |
| | 1,20,000 | 1,55,000 | | 1,20,000 | 1,55,000 |

*Additional Information* :

Depreciation charged on Machinery during the year was ₹ 6,000.

राज लि. के 31.03.2014 एवं 31.03.2015 को नीचे दिए गए स्थिति-विवरणों से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

*राज लि. के स्थिति-विवरण 31.03.2014 एवं 31.03.2015 को*

| देयताएँ | 31.03.2014 ₹ | 31.03.2015 ₹ | सम्पत्तियाँ | 31.03.2014 ₹ | 31.03.2015 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 40,000 | 60,000 | भूमि एवं भवन | 50,000 | 60,000 |
| सामान्य संचय | 20,000 | 30,000 | मशीनरी | 30,000 | 35,000 |
| लाभ-हानि खाता | 10,000 | 15,000 | स्टॉक | 20,000 | 25,000 |
| लेनदार | 30,000 | 35,000 | देनदार | 10,000 | 20,000 |
| देय विपत्र | 20,000 | 15,000 | प्राप्य विपत्र | 5,000 | 8,000 |
| | | | बैंक | 5,000 | 7,000 |
| | 1,20,000 | 1,55,000 | | 1,20,000 | 1,55,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

मशीन पर वर्ष में अवक्षयण लगाया गया—₹ 6,000

OPTION–II

विकल्प–II

**( Elementary Cost Accounting )**

**( प्रारम्भिक लागत लेखांकन )**

**23.** Give *two* examples of direct materials. 1

प्रत्यक्ष सामग्री के **दो** उदाहरण दीजिए।

**24.** Give the differences between Financial Accounting and Cost Accounting on the basis of 'objective' and 'time period'. 2

वित्तीय लेखांकन और लागत लेखांकन में 'उद्देश्य' एवं 'समय अवधि' के आधार पर अन्तर बताइए।

**25.** Cost of a product is ₹ 900. Profit on sale price is 10%. Calculate profit percentage on cost. 2

उत्पाद की लागत ₹ 900 है। विक्रय मूल्य पर लाभ 10% है। लागत पर लाभ प्रतिशत की गणना कीजिए।

**26.** From the following information about Sangam Ltd. in respect of Material No. DC 46, calculate *(a)* Reorder level, *(b)* Maximum level, and *(c)* Minimum level : 4

Normal consumption—200 units per week

Maximum consumption—500 units per week

Minimum consumption—100 units per week

Reorder period—4 to 6 weeks

Reorder quantity—2400 units

संगम लि. की सामग्री सं. DC 46 से सम्बन्धित निम्न सूचना से निम्न की गणना कीजिए—(क) पुनःआदेश स्तर, (ख) अधिकतम स्तर, एवं (ग) न्यूनतम स्तर :

सामान्य उपभोग—200 इकाई प्रति सप्ताह

अधिकतम उपभोग—500 इकाई प्रति सप्ताह

न्यूनतम उपभोग—100 इकाई प्रति सप्ताह

पुनःआदेश अवधि—4 से 6 सप्ताह

पुनःआदेश मात्रा—2400 इकाई

**27.** From the following information, prepare a Cost Sheet for the period ending on 31st March, 2015 : 6

Opening Stock of Raw Materials—₹ 8,400

Purchases of Raw Materials—₹ 1,24,000

Closing Stock of Raw Materials—₹ 10,500

Direct Wages—₹ 60,000

Direct Expenses—₹ 20,000

Factory Overheads—80% of Direct Wages

Office and Administrative Overheads—25% of Works Cost

Selling and Distribution Overheads—₹ 24,000

Cost of Opening Stock of Finished Goods—₹ 12,000

Cost of Closing Stock of Finished Goods—₹ 15,000

Profit on Cost—25%

निम्न सूचना से 31 मार्च, 2015 को समाप्त अवधि के लिए लागत विवरण तैयार कीजिए :

कच्ची सामग्री का आरम्भिक स्टॉक—₹ 8,400

कच्ची सामग्री का क्रय—₹ 1,24,000

कच्ची सामग्री का अन्तिम स्टॉक—₹ 10,500

प्रत्यक्ष मजदूरी—₹ 60,000

प्रत्यक्ष व्यय—₹ 20,000

कारखाना उपरिव्यय—प्रत्यक्ष मजदूरी का 80%

कार्यालय एवं प्रशासनिक उपरिव्यय—कार्य लागत का 25%

विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय—₹ 24,000

तैयार माल के आरम्भिक स्टॉक की लागत—₹ 12,000

तैयार माल के अन्तिम स्टॉक की लागत—₹ 15,000

लागत पर लाभ—25%

★ ★ ★